# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 10.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 10.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 10.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना राजापुर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के अवसर पर कुल 03 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 01 का तत्काल निस्तारण कराया गया तथा शेष आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
थाना दिवस के दौरान थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह,चौकी प्रभारी गनीवां श्री यदुवीर सिंह व राजस्व की टीम मौजूद रही।

**(4).** आज दिनाँक 10.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के अवसर पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला,अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक- 10.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह की उपस्थिति में निर्माणाधीन थाना सरधुवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के दौरान पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त महेन्द्र सिंह पुत्र धीरेश सिंह निवासी मलवारा मजरा खटवारा थाना राजापुर को एक ट्राली बैंग में 10 किलोग्राम सूखा नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

10 किलोग्राम सूखा गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम थाना कोत0 कर्वी
2.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार
3.आरक्षी राहुल देव
4.चालक मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन

**(7)**.आज दिनाँक 10.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में एसडीएम मानिकपुर श्री मोहम्मद जसीम एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद ,थाना मानिकपुर /जीआरपी/रेलवे पुलिस बल के साथ वर्तमान में संवेदनशीलता एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत कस्बा मानिकपुर , रेलवे स्टेशन/ट्रैक मानिकपुर, एवं मिश्रित आबादी के क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया

पैदल गस्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करते हुये उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया एवं बताया कि पुलिस हर समय जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और तत्पर है तथा भ्रामक खबरों से जनता को बचने के लिए अपील की गई ,यदि कोई व्यक्ति भ्रामक खबर फैलाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु बताया गया एवं पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण,शराब की दुकान,होटल/ढाबो, दो पहिया पहिया वाहन,रेलवे स्टेशन/ट्रैक एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

पैदल गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री प्रकाश यादव , प्रभारी निरीक्षक जीआरपी श्री विनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ श्री एस0के0 राठी , स्टेशन मास्टर मानिकपुर श्री सुरेश मालवीय एवं थाना मानिकपुर /जीआरपी/रेलवे पुलिस बल मौजूद रहा।